>

Title: Need to take urgent action to contain Japanese Encephalitis causing death of children in districts of Eastern Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के सभी जनपदों में दिमागी बुखार (जापानी इन्सेफलाईटिस) के कारण बहुत सारे बच्चों की जानें चली गई हैं तथा अभी भी बहुत सारे बच्चे दिमागी बुखार के कारण गोरखपुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं। परंतु बड़े ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा स्थिति की गंभीरता के मद्देनजर पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए हैं।

मेरा केन्द्रीय सरकार से आग्रह है कि अविलंब इस दिमागी बुखार के संदर्भ में उचित कदम उठाने का कष्ट करें अन्यथा काफी नुकसान हो सकता है।